भोपाल | सोमवार | 19 अक्टूबर 2026 | वर्ष 70 | अंक 267 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत

11 मृतकों की पहचान | **35** घायल भर्ती | **02** पुलिसकर्मियों को भी चोटें | **08** पुलिसकर्मी सस्पेंड

मां के सामने

बेकाबू ट्रक ने ली 16 बलि

ग्वालियर का शीतला माता मंदिर रात 2 :30 बजे चीखों से गूंजा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 18 अक्टूबर. ग्वालियर के प्राचीन शीतला माता मंदिर में रविवार तड़के मां के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं पर मौत बनकर दौड़े धान से लदे ट्रक ने 16 लोगों की जान ले ली. हादसे में 35 लोग घायल हुए हैं, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई गई है. मृतकों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं. चीनौर रोड की ढलान से बेकाबू हुआ ट्रक श्रद्धालुओं और सड़क किनारे लगी प्रसाद की दुकानों को रौंदता हुआ मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार से जा टकराया. टक्कर इतनी भीषण थी कि गेट और दीवार का हिस्सा ढह गया. हादसे के बाद मंदिर परिसर चीख-पुकार से गूंज उठा. मलबे और ट्रक के नीचे दबे लोगों को निकालने के लिए तत्काल बचाव अभियान शुरू किया गया. घटना में दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं. हादसे की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई की है. झांसी रोड के सीएसपी रवि भदौरिया को हटाने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि तीन थाना प्रभारियों सहित आठ पुलिसकर्मियों-अधिकारियों को निलंबित किया गया है. वहीं, कलेक्टर रुचिका चौहान ने घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश देते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट सीबी प्रसाद को जांच अधिकारी नियुक्त किया है. उन्हें सात दिन में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं.

हादसे का समय
1:30 रात
शनिवार-रविवार की दरमियानी रात

जांच के घेरे में कौन?

1. **ट्रक और चालक :** ब्रेक फेल होने की आशंका, वाहन की फिटनेस और ओवरलोडिंग की जांच.
2. **प्रवेश मार्ग की सुरक्षा :** प्रतिबंध के बावजूद भारी वाहन मंदिर मार्ग पर कैसे पहुंचा?
3. **भीड़ प्रबंधन :** श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच सुरक्षा और यातायात नियंत्रण की क्या व्यवस्था थी?
4. **जवाबदेही तय करना :** सीसीटीवी फुटेज, वायरलेस संदेश और ड्यूटी रिकॉर्ड से चूक की कड़ी जोड़ने की जरूरत.

सीएम का एक्शन : सीएसपी को हटाया, आठ निलंबित, मजिस्ट्रियल जांच

मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए हैं. सीएसपी रवि भदौरिया को हटाने के अलावा झांसी रोड थाना प्रभारी शक्ति सिंह यादव, आंतरी थाना प्रभारी गीतेश शर्मा, झांसी रोड के ट्रैफिक थाना प्रभारी अभिषेक रघुवंशी, निरीक्षक यातायात राघवेंद्र जादौन, प्रधान आरक्षक सुशील द्विवेदी और आरक्षक किशन खन्ना, अनिल जैतपुरिया तथा पवन सेंगर के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं. वहीं कलेक्टर रुचिका चौहान के आदेश पर अपर जिला मजिस्ट्रेट सीबी प्रसाद घटना की मजिस्ट्रियल जांच करेंगे. जांच में हादसे का मूल कारण, ट्रक प्रतिबंधित क्षेत्र तक कैसे पहुंचा, सुरक्षा इंतजामों में कोई चूक हुई या नहीं और जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका की पड़ताल की जाएगी.

ढलान से बेकाबू होकर दौड़ा ट्रक

ग्वालियर के सातऊं गांव स्थित शीतला माता मंदिर में नवरात्रि की सप्तमी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे थे. इसी दौरान चीनौर रोड की ढलान से डबरा की ओर से आया धान से भरा ट्रक अचानक बेकाबू हो गया. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ट्रक के प्रेशर सिस्टम में खराबी की आशंका है. ट्रक श्रद्धालुओं और सड़क किनारे लगी प्रसाद की पांच दुकानों को कुचलता हुआ मंदिर के मुख्य द्वार से टकरा गया. टक्कर से दीवार का हिस्सा गिर गया और कई लोग मलबे में दब गए. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों ने घायलों को निकालने में मदद की.

मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संवेदना जताते हुए सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये, गंभीर घायलों को दो-दो लाख रुपये और अन्य घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे. सभी घायलों का नि:शुल्क उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं. मंत्री एंदल सिंह कंसाना और राकेश शुक्ला को ग्वालियर पहुंचकर राहत और सहायता कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हादसे पर दुख व्यक्त किया है. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी.

मातम में भी ग्रीन कार्पेट, भड़के सिंधिया

इधर, मातम के बीच जयारोग्य अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के मुख्य द्वार पर ग्रीन कार्पेट बिछाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया. घायलों की जानकारी लेने पहुंचे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कार्पेट देखकर प्रबंधन पर भड़क गए. उन्होंने तत्काल कार्पेट हटाने के आदेश दिए. वहीं महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष ज्योति सिंह ने इसे संवेदनहीनता बताते हुए प्राथमिकताओं पर सवाल उठाए. हालांकि प्रबंधन का कहना है कि मरीजों और लोगों को चोट से बचाने के लिए गड्ढे भरवाए गए और ग्रीन कार्पेट बिछाया गया था.

एक नजर में

कोलकाता हादसे में मृतक संख्या 19 पर पहुंची

कोलकाता. चोरबागान दुर्गा पूजा पंडाल में शनिवार रात मची भगदड़ में 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हुए हैं. इधर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मृतकों के परिजनों में एक सदस्य को सरकारी नौकरी और 25 लाख की मदद का ऐलान किया है. घटना में 9 लोगों को अरेस्ट किया गया है.

रामलीला से पहले हाथी बेकाबू, महावत को पटका

वाराणसी. वाराणसी की मशहूर रामलीला में आजमगढ़ से आया हाथी अचानक बेकाबू हो गया. इधर-इधर भागने लगा. आसपास रखी चीजों को सूंड से उठाकर फेंकने लगा. बिजली के खंभे तो? दिए. दीवारें और दुकानें भी तो? दीं. यह देखकर आसपास मौजूद लोग जान बचाकर भागे.

लेह में हाईकोर्ट की स्थायी बेंच हुई शुरू

लेह. सीजेआई सूर्यकांत ने रविवार को जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट की स्थाई पीठ का लेह में उद्घाटन किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि न्याय की पहुंच अदालत परिसर से नहीं, बल्कि फरियादी के दरवाजे से शुरू होती है. पीठ लेह के मेलांगथोंग में स्थित उच्च न्यायालय परिसर में शुरू की गई है.

मणिपुर में हिंसा, 1 की हत्या, 15 घर फूंके

इंफाल. मणिपुर के कामजोंग जिले के चसाद गांव में दोपहर को एक बार फिर हिंसा भड़क गई. कुकी और नगा समुदायों के बीच गोलीबारी हुई. इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए. स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि हमले के पीछे नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड-इसाक मुइवा और म्यांमार के तांगखुल उग्रवादी थे.

गुस्ताखी माफ

150 करोड़ से तैयार होगा अहिल्याबाई स्मारक

प्रथम चरण में 40 करोड़ के कार्य प्रस्तावित

मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

लालबाग पैलेस के आसपास की धरोहरों पर विकास का जोर

नवभारत न्यूज

इंदौर, 18 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को लालबाग पैलेस के समीप निर्माणाधीन लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर स्मारक का निरीक्षण किया. उन्होंने ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य तय समय-सीमा में पूरे करने के निर्देश दिए. करीब 150 करोड़ रुपए की लागत से विकसित होने वाले स्मारक के प्रथम चरण में 40 करोड़ रुपए के कार्य प्रस्तावित हैं.

मुख्यमंत्री ने लालबाग पैलेस, रामपुर कोठी, चंपा बावड़ी और शिव मंदिर को एकीकृत विकास योजना में शामिल करने पर जोर दिया. स्मारक में देवी अहिल्याबाई के जीवन और योगदान को प्रदर्शित करने के लिए संग्रहालय, त्रिआयामी प्रक्षेपण, डिजिटल प्रस्तुतियां और प्रकाश एवं ध्वनि कार्यक्रम विकसित किए जाएंगे. निरीक्षण के दौरान पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे.

एमवाय में पेट सीटी स्कैन सुविधा शुरू

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शासकीय महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं एमवाय अस्पताल में पेट सीटी स्कैन सुविधा का लोकार्पण भी किया. उन्होंने मशीन का अवलोकन किया. इस सुविधा से मरीजों की जांच व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है.

बड़नगर में बनेगा फूड प्रोसेसिंग पार्क, मोरों के संरक्षण की नई योजना

उज्जैन. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को कहा कि मध्यप्रदेश में मोरों के संरक्षण और पुनर्वास के लिए नई परियोजना शुरू की जाएगी. बड़नगर में फूड प्रोसेसिंग पार्क बनाया जाएगा, जिससे स्थानीय किसानों और युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे. उन्होंने बड़नगर में कवि प्रदीप सम्मान समारोह आयोजित करने और गीता भवन बनाने की भी घोषणा की. मुख्यमंत्री उज्जैन जिले के बड़नगर क्षेत्र के गजनीखेड़ी स्थित मां चामुंडा धाम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए.

बेकाबू कार ने मनरेगा मजदूरों को रौंदा, 9 लोगों की मौत

लहरागागा (संगरूर). पंजाब के संगरूर जिले में रविवार शाम दर्दनाक सड़क हादसे में आठ महिला मजदूरों की मौत हो गई. लहरागागा-जाखल रोड पर गांव चोटियां के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर मनरेगा के तहत काम कर रहे मजदूरों पर चढ़ गई. हादसे में कई मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को लहरागागा और सुनाम के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. जानकारी के अनुसार, हादसे के समय सड़क किनारे मनरेगा के तहत करीब 23 मजदूर काम कर रहे थे. इनमें महिलाएं और पुरुष शामिल थे. इसी दौरान तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर मजदूरों की ओर बढ़ी और उन्हें कुचलती चली गई. अचानक हुए हादसे में मजदूरों को संभलने का मौका तक नहीं मिला. हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस और प्रशासन को सूचना दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया.

- **करीब 23 मजदूर कर रहे थे काम, कई घायल**

सीईसी ज्ञानेश को चुकानी होगी कीमत

वोट चोरी को लेकर गोवा में राहुल ने केंद्र पर साधा निशाना

नवभारत न्यूज नेटवर्क

पणजी, 18 अक्टूबर. राहुल गांधी ने रविवार को गोवा में कहा कि मैं हर स्टेट से कहता हूं पीएम वोट चोरी करते हैं. लेकिन मुझ पर कोई केस दर्ज नहीं होता. क्योंकि, ये जानते हैं कि अगर केस हुआ तो मामला लीगल हो जाएगा और ये फंस जाएंगे.

दिल्ली में हम कुछ ही समय में पीएम, गृहमंत्री से निपट लेंगे. काम जारी है. सरकार की एक्सपायरी डेट आने वाली है. आपने देखा है कि आजकल पीएम सामने खड़े नहीं हो सकते हैं. क्योंकि ये जानते हैं कि देश का युवा इनके खिलाफ खड़ा हो गया है. राहुल कांग्रेस के जनसंपर्क अभियान 'गोय राखोन यात्रा' में शामिल होने गोवा पहुंचे थे. यहां कांग्रेस की 28 दिन लंबी यात्रा का समापन हुआ है.

राहुल का पिछले 4 सालों में यह पहला गोवा दौरा है. इससे पहले 2022 में वह यहां आए थे. गोवा में अगले साल 2027 में विधानसभा चुनाव हैं.

एजुकेशन सिस्टम में आरएसएस के लोग

राहुल ने कहा पूरी दुनिया मानती थी कि इंडिया का एजुकेशन सिस्टम नंबर वन मॉडल का था. लेकिन, आज दिल्ली में स्टूडेंट्स को ही मारा जा रहा है. हर एजुकेशनल सिस्टम में इन्होंने बीजेपी और आरएसएस के लोग बैठे हुए हैं. उन्होंने कहा कि हाईटेक करप्शन, जमीन का करप्शन ये यहां करते हैं. जैसे पहले गुजरात में नरेंद्र मोदी का मॉडल था. वैसे ही गोवा में करप्शन का मॉडल है. इसे सिर्फ कांग्रेस ही खत्म कर सकती है. गोवा में पहले मास्टर प्लान था, मास्टर प्लान को रद्द कर दिया. इनका यही काम है कि पैसा कैसे बनाए. इनका यही काम है. गोवा की जनता को लूटने का, आपकी जमीन छीनकर अरबपतियों को देने का.

टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग

- **बिश्नोई गैंग के नाम से आई थी धमकी**
- **हमले की वजह स्पष्ट नहीं पुलिस जुटा रही जानकारी**

नवभारत न्यूज नेटवर्क

मुंबई, 18 अक्टूबर. जुहू इलाके में रविवार शाम अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात लोगों ने फायरिंग कर दी. पुलिस के मुताबिक, टाइगर सुरक्षित हैं और उन्हें गोली नहीं लगी.

घटना में उनके ड्राइवर और एक ऑटो रिक्शा चालक के घायल हुए हैं. टाइगर श्रॉफ एक मैदान से अपनी गाड़ी में निकल रहे थे. उस समय वहां उन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा थी. इसी दौरान भीड़ के बीच से उनकी कार पर तीन से चार राउंड फायरिंग किए जाने की बात सामने आई है. घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी मामले की जांच के निर्देश दिए हैं. फायरिंग के बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा होने का दावा करने वाले व्यक्ति ने हमले की जिम्मेदारी ली है. संदेश में अनिल पंडित नाम का उल्लेख है. हालांकि, इस संदेश की प्रामाणिकता और गैंग से इसके संबंध की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है.

कान्हा में नहीं थम रही बाघों की मौत

6 माह में नौवां शावक मृत

नवभारत न्यूज

मंडला, 18 अक्टूबर. कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघों की मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है. रविवार को मुक्की परिक्षेत्र स्थित वन्यजीव उपचार केंद्र में उपचाराधीन मादा बाघ शावक की मौत हो गई. उसे 8 अक्टूबर को मोहगांव परियोजना के अंतर्गत अरौली गांव से रेस्क्यू किया गया था. शावक में कैनाइन डिस्टेंपर वायरस के लक्षण होने की आशंका जताई गई है. हालांकि, मौत की असली वजह जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी.

वन विभाग के अनुसार, शावक को आबादी के बीच से रेस्क्यू किया गया था. इससे पहले क्षेत्र में बाघ के हमले में 50 वर्षीय महिला रमली बाई मरावी घायल हुई थीं. घटना के बाद वन विभाग ने हाथियों की मदद से बाघ की तलाश की. इस दौरान कमजोर हालत में मिले शावक को मुक्की स्थित वन्यजीव उपचार केंद्र पहुंचाया गया. विशेषज्ञों की निगरानी में उसका उपचार किया जा रहा था, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका. उपलब्ध जानकारी के अनुसार, 21 और 23 अप्रैल को दो शावकों, 25 अप्रैल को एक अन्य शावक और 29 अप्रैल को एक बाघिन व उसके शावक की मौत हुई थी. इसके बाद 19 मई को पांच वर्षीय बाघ और 23 जून को तीन वर्षीय बाघ की मौत दर्ज की गई.

पोस्टमार्टम के बाद नमूने जांच के लिए भेजे

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की मानक संचालन प्रक्रिया के तहत रविवार को शावक का पोस्टमार्टम किया गया. इसमें कान्हा के वन्यप्राणी चिकित्सा अधिकारी और पशुपालन विभाग के चिकित्सक शामिल रहे. जांच के लिए आवश्यक अंगों और जैविक नमूनों को जबलपुर स्थित प्रयोगशाला भेजा गया है. रिपोर्ट से ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मौत सीडीवी संक्रमण के कारण हुई या इसकी कोई दूसरी वजह थी.

सरोकार | रुपाली जैन ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरी छोड़ चुनी समाजसेवा की राह

कटोरे से हुनर तक का सफर, 5500 लोगों की बदली जिंदगी

भीख मांगने वाले हाथ अब बना रहे गणेश प्रतिमाएं, दीये और सजावटी सामान

धर्मेंद्र सिंह चौहान

इंदौर, 18 अक्टूबर. कभी पेट भरने के लिए दूसरों के सामने हाथ फैलाने को मजबूर रहे लोग अब अपने हुनर से कमाई कर रहे हैं. कोई गणेश प्रतिमाएं बना रहा है तो कोई अगरबत्ती, धूपबत्ती, दीये और सजावटी सामान तैयार कर रहा है.

रुपाली जैन

मेहनत की पहली कमाई 7 से 13 हजार रुपए तक पहुंची तो कई लोगों की आंखें भर आईं. परदेशीपुरा स्थित भिक्षुक पुनर्वास केंद्र में उपचार, परामर्श और कौशल प्रशिक्षण के जरिए लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश की जा रही है. परम पूज्य रक्षक आदिनाथ वेलफेयर एंड एजुकेशनल सोसाइटी (प्रवेश) के अनुसार, केंद्र में फिलहाल 69 हितग्राही रह रहे हैं, जिनमें 38 नियमित रूप से आजीविका से जुड़े हैं. वहीं, 928 बच्चों को शिक्षा से जोड़ा गया और करीब 3700 लोगों को उनके परिवारों से दोबारा मिलाया गया. संस्था प्रमुख रुपाली जैन ने अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरी छोड़ वर्ष 2010 में समाजसेवा का रास्ता चुना. उनके अनुसार, 2020 में भिक्षावृत्ति में शामिल लोगों का सर्वे शुरू हुआ और 2021 में 109 लोगों के पुनर्वास से अभियान ने गति पकड़ी.

गोबर से बनीं 11 हजार गणेश प्रतिमाएं

रोजगार बढ़ाने के लिए पर्यावरण अनुकूल उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं. हाल ही में गोबर से 16 स्वरूपों में 11 हजार गणेश प्रतिमाएं बनाई गईं. इनकी बिक्री से करीब 37 हितग्राहियों को पारिश्रमिक मिला. दीपावली के लिए गोबर, प्राकृतिक रंगों और जूट से लगभग 107 तरह के उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं. इनमें दीये, लक्ष्मी चरण, गणेश-लक्ष्मी प्रतिमाएं, शुभ-लाभ और वंदनवार शामिल हैं.